मॉनीटरिंग 27 करोड़ से अधिक की लागत से मजबूत होगी निगरानी और सिग्नलिंग व्यवस्था

रेल ट्रैक की होगी हाईटेक निगरानी

नवभारत, कटनी। कटनी-सिंगरौली रेलखंड पर ट्रेनों की निगरानी और सिग्नलिंग व्यवस्था को मजबूत करने के लिए रेलवे डिजिटल एक्सल काउंटर लगाने जा रहा है। मौजूदा ट्रैक सर्किट प्रणाली के समानांतर यह व्यवस्था तैयार की जाएगी।

जबलपुर रेल मंडल इस परियोजना पर करीब 27.20 करोड़ रुपए खर्च करेगा। डिजिटल एक्सल काउंटर से ट्रैक सेक्शन में ट्रेन के प्रवेश और उसके बाहर निकलने की जानकारी सिग्नलिंग कंट्रोल रूम को तुरंत मिल सकेगी। इससे ट्रेन की मौजूदगी और ट्रैक सेक्शन के खाली होने की स्थिति की सटीक जानकारी उपलब्ध होगी। नई व्यवस्था मौजूदा ट्रैक सर्किट के समानांतर काम करेगी। इससे ट्रेन डिटेक्शन के लिए दोहरी व्यवस्था उपलब्ध होगी। मौसम, बारिश या तकनीकी खराबी के कारण एक



सिस्टम में समस्या आने पर दूसरा सिस्टम काम कर सकेगा। डिजिटल एक्सल काउंटर ट्रेन के पहियों को जोड़ने वाले एक्सल की गिनती के आधार पर काम करता है।

ट्रेन के किसी ट्रैक सेक्शन में प्रवेश करते समय सेंसर उसके एक्सलों की संख्या दर्ज करता है। ट्रेन के सेक्शन से बाहर निकलने पर निकास बिंदु पर लगा सेंसर दोबारा एक्सलों की गिनती करता है। दोनों आंकड़ों का मिलान होने पर सिस्टम ट्रैक के खाली होने की जानकारी देता है। यह व्यवस्था केवल कटनी जंक्शन तक सीमित नहीं रहेगी। कटनी-सिंगरौली रेलखंड के प्रमुख स्टेशनों, लूप लाइनों और यार्डों में डिजिटल एक्सल काउंटर लगाए जाएंगे। तकनीकी उपकरण और कंट्रोल पैनल रखने के लिए कटंगी खुर्द और सल्हना समेत कई स्थानों पर रिले रूम तैयार किए जा रहे हैं। ब्योहारी सब-डिवीजन के निवास रोड, डुबरी कलां, ब्योहारी और छतैनी स्टेशनों पर भी सिविल और सिग्नलिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े काम किए जाएंगे। परियोजना के तहत इन स्थानों पर जरूरी तकनीकी व्यवस्था विकसित की जाएगी।

पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी मधुर वर्मा ने बताया कि डिजिटल एक्सल काउंटर लगाने से कटनी-सिंगरौली रेलखंड में ट्रेन डिटेक्शन व्यवस्था मजबूत होगी। उनके अनुसार, मौजूदा सिस्टम के साथ अतिरिक्त तकनीकी व्यवस्था होने से ट्रैक की स्थिति की 24 घंटे बेहतर निगरानी की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि इससे सिग्नलिंग प्रणाली की विश्वसनीयता बढ़ेगी और ट्रेनों के सुरक्षित और सुचारु संचालन में मदद मिलेगी।

बरसी मेले के लिए कराई गई विशेष साफ-सफाई

नवभारत, कटनी। माधव नगर में आयोजित होने वाले बरसी मेले को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा माधव नगर सहित नगरीय और उपनगरीय क्षेत्रों के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और अंदरूनी गलियों में विशेष सफाई अभियान चलाकर एकत्रित अपशिष्ट का तत्काल उठाव और समुचित निपटान कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार बरसी मेले की तैयारियों के तहत माधव नगर गेट से थाना तिराहा सहित विभिन्न मार्गों के किनारे खरपतवार की कटाई और सफाई कराई गई। इसके साथ ही माधव नगर क्षेत्र के बाजारों, विभिन्न संपर्क मार्गों तथा अमीरगंज से माधव नगर स्टेशन मार्ग की सफाई कर मेला क्षेत्र और आसपास की स्वच्छता व्यवस्था को सुचारू बनाया गया। नगर के प्रमुख मार्गों पर भी व्यापक सफाई अभियान चलाया गया।



इंडोर गेम्स के लिए भी उपलब्ध कराई जाएं सुविधाएं

विधायक और कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल और कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्राम पहाड़ी में करीब 1 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन स्टेडियम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और प्रस्तावित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्टेडियम और प्रस्तावित सुविधाओं के संबंध में एसडीओ आरईएस अभिषेक त्रिपाठी से जानकारी ली। अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि यहां क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही युवाओं को इंडोर गेम्स के लिए भी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रतिभाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर अवसर मिल सकेंगे। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य को गुणवत्ता के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप बेहतर ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण की नियमित निगरानी करने और स्टेडियम में प्रस्तावित खेल सुविधाओं को व्यवस्थित और उपयोगी स्वरूप देने पर भी जोर दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, वनमंडलाधिकारी गर्वित गंगवार, एसडीएम कटनी जितेन्द्र पटेल, तहसीलदार अखिल पांडेय आदि उपस्थित रहे।

एक नजर में

पार्किंग परिसर से बाइक ले भागे अज्ञात चोर

नवभारत, कटनी। जिले के कैमोर थाना क्षेत्र में डीएव्ही स्कूल ग्राउंड के पास बनी पार्किंग से अज्ञात चोर एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। पीड़ित की शिकायत पर कैमोर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कैमोर थाना अंतर्गत हर्रैया निवासी निवासी कमलेश कुमार पिता टिक्कू कोल 2 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे किसी काम से डीएव्ही स्कूल ग्राउंड की ओर गए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल पार्किंग में खड़ी की और काम से चले गए। वापस लौटने पर पार्किंग स्थल से बाइक गायब मिली। उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की और काफी खोजबीन की, लेकिन वाहन का पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने कैमोर थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। कमलेश कुमार कोल की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगाल रही है ताकि अज्ञात चोरों के संबंध में कोई सुराग मिल सके और आरोपियों को पकड़ा जा सके। फिलहाल पुलिस के पास ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं है, जिसके आधार पर आरोपियों को पकड़ा जा सके। पुलिस टीम द्वारा चोरी के आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मकान का ताला तोड़कर नकदी और आभूषण की चोरी

माधवनगर थाना क्षेत्र में हुई वारदात, चोरों की तलाश शुरू

नवभारत, कटनी। माधवनगर थाना क्षेत्र के बंडा इलाके में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी कर ली। घटना 2 अक्टूबर की बताई गई है। पीड़ित की शिकायत पर माधवनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बंडा गांव निवासी कमलेश प्रसाद पिता मुन्नी लाल काछी 2 अक्टूबर की दोपहर किसी काम से घर से बाहर गए थे।

इसी दौरान शाम करीब 4 बजे अज्ञात चोरों ने सूने मकान में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। कमलेश प्रसाद वापस घर लौटे तो सामान बिखरा मिला और अलमारी का ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर और नकदी गायब मिली। पीड़ित ने बताया अज्ञात चोर पुरानी सोने की चैन, सोने की अंगूठी और 10 हजार रुपए नकद ले गए। चोरी गए चोरी लगभग 60 हजार रुपए की आंकी गई है।

घटना के बाद फरियादी ने माधवनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और पुराने आपराधिक रिकॉर्ड वाले संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। गौरतलब है कि जिले में चोरी की वारदात लगातार बढ़ती जा रही हैं, चोर वारदातों को अंजाम देकर भाग जाते हैं और पुलिस की स्थिति सांप निकलने के बाद लकीर पीटने जैसी नजर आ रही है। चोरी की वारदातों से पुलिस की गश्त व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। घरों में चोरी के अलावा वाहन चोरी की वारदातें भी लगातार बढ़ रही हैं।

बढ़ती चोरी की वारदातों के कारण लोगों में दहशत का महौल है। शहर के अधिकांश चौराहों में दो पहिया वाहन खड़ा करने के बाद वाहन मालिकों के चोरी होने का डर बना रहता है।

स्कूल के बच्चों को अंग्रेजी पढ़ने और बोलने की कराएं नियमित प्रैक्टिस

कलेक्टर ने किया सरकारी स्कूल का निरीक्षण

नवभारत, कटनी। गांव की चौपाल से लेकर स्कूल की कक्षा और आंगनवाड़ी केंद्र तक पहुंचकर ग्रामीणों और बच्चों से सीधे संवाद स्थापित कर जमीनी स्तर पर विकास कार्यों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकासखंड कटनी के ग्राम तखला का भ्रमण कर विभिन्न शासकीय संस्थाओं का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली।

कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला, आंगनवाड़ी केंद्र और आयुष्मान आरोग्य मंदिर का



निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनकी पढ़ाई-लिखाई जानी, शैक्षणिक दक्षता परखी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ आंगनवाड़ी केंद्र में कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के ऑनलाइन पंजीयन, पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड तथा बच्चों के टीकाकरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शासकीय प्राथमिक शाला में कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई के स्तर का सहज तरीके से परीक्षण किया। उन्होंने कक्षा 5 के छात्र रोशन साहू से अंग्रेजी विषय के 'द लिटिल प्लांट' चैप्टर की तीन लाइन पढ़कर सुनाने को कहा। कलेक्टर के कहने पर रोशन साहू ने बिना झिझक आत्मविश्वास के साथ अंग्रेजी की तीन लाइन पढ़कर सुनाईं।

रोशन की प्रस्तुति पर कलेक्टर ने उसका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि विद्यालय के अन्य बच्चों को भी अंग्रेजी पढ़ने और बोलने की नियमित प्रैक्टिस कराई जाए, ताकि उनमें अंग्रेजी भाषा के प्रति आत्मविश्वास विकसित हो।

राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में गोल्ड जीतकर दर्शिता ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

सिलौड़ी में फूल-मालाओं से किया स्वागत

नवभारत, उमरियापान। जिले के सिलौंडी ऑल इंडिया यूथ कराटे चैम्पियनशिप-2026 में गोल्ड मेडल जीतकर ग्राम तिलमन लौटीं दर्शिता बागरी का सिलौंडी बस स्टैंड पर स्वागत किया गया। दर्शिता, मनोज बागरी की बेटी हैं। उनकी उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दर्शिता ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल कर अपने परिवार के साथ ग्राम तिलमन और सिलौंडी क्षेत्र



का नाम रोशन किया। उनके प्रथम ग्राम आगमन पर स्वागत के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि सिलौंडी बस स्टैंड पहुंचे। लोगों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी, भाजपा जिला मंत्री डॉ. प्रशांत राय, खमरिया बागरी सरपंच अनिल सिंह बागरी, पूर्व सरपंच डॉ. मनमोहन राय, रमेश राय, जीवन लाल बागरी, सोशल मीडिया प्रभारी धीरज जैन, तुलसीराम नामदेव, उर्मिला कुलस्ते, गणेश बागरी, सौरभ दुबे, धन्नू सेन, विजय बागरी और सुरेश अवस्थी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने दर्शिता को सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की बेटी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से युवाओं के सामने प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल के क्षेत्र में आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

खजरा नाला में उतराता मिला अज्ञात युवक का शव

बरही पुलिस ने दर्ज किया मर्ग प्रकरण, जांच शुरू

नवभारत, कटनी। बरही थाना क्षेत्र के ग्राम किनौर में रविवार दोपहर खजरा नाला में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैरता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर बरही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से बाहर निकलवाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। ग्रामीणों के अनुसार रविवार दोपहर कुछ लोग खजरा



नाला की ओर गए थे। इसी दौरान उन्हें पानी में शव तैरता दिखाई दिया। इसके बाद उन्होंने बरही थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि नाले में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

फरार पूर्व सीएसपी नेहा पर 20 हजार का इनाम

क्षितिज राज और मारूफ पर भी 20-20 हजार का इनाम

नवभारत, कटनी। जमीन के कथित सौदे और पद के दुरुपयोग से जुड़े मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। डीआईजी ने पूर्व सीएसपी नेहा पच्चीसिया, क्षितिज राज बारापात्रे और मारूफ अहमद हनफी की गिरफ्तारी पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। कुठला थाने में गत 19 अगस्त को मामला दर्ज होने के बाद से पुलिस तीनों आरोपियों की तलाश कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर आईजी ने जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन भी किया था। मामले की शुरुआत एक हत्या के आरोपी से जुड़े प्रकरण से हुई थी। आरोप है कि तत्कालीन सीएसपी नेहा पच्चीसिया ने अपने पद का कथित दुरुपयोग करते हुए संबंधित आरोपी के खिलाफ 90 दिनों तक अदालत में चार्जशीट पेश नहीं होने दी। इसके कारण उसे अदालत से जमानत मिल गई। जांच में यह बात भी सामने आई कि इसी दौरान आरोपी की करीब 1 करोड़ 7 लाख रुपए कीमत की जमीन कथित रूप से नेहा पच्चीसिया के करीबियों के नाम पर मात्र 18 लाख रुपये में खरीद ली गई। पुलिस फिलहाल इस कथित लेनदेन और पद के दुरुपयोग से जुड़े आरोपों की जांच कर रही है। पुलिस आरोपियों की तलाश के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है, लेकिन अब तक आरोपियों के संबंध में पुलिस को ऐसा कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जिसके आधार पर आरोपियों को पकड़ा जा सके। पुलिस टीम गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन अब तक पुलिस टीम को सफलता नहीं मिली है। गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

शहर में 6 स्थानों में लगाए गए शिविर, पात्र हितग्राहियों को दिया गया योजनाओं का लाभ

सेतु शिविर में वार्ड स्तर पर दिया गया योजनाओं का लाभ

नवभारत, उमरियापान। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और नागरिक सेवाओं को पात्र हितग्राहियों तक सहज, सुगम, पारदर्शी, समयबद्ध रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के अंतर्गत रविवार को नगर के 6 निर्धारित स्थान पर मेगा सेवा सेतु शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में काफी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ



लिया। दिनभर चले शिविरों में नागरिकों से विभिन्न योजनाओं के आवेदन लिए जाकर पोर्टल पर उनके पंजीकरण की कार्रवाई अभी जारी है। शिविर के दौरान प्राप्त आवेदनों को संबंधित शाखाओं की ओर भेजकर नियमानुसार निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। मेगा शिविर बस स्टैंड ऑडिटोरियम, स्वामी विवेकानंद सभागार, दुर्गा चौक खिरहनी, टीसी बजान स्कूल, माधवनगर उप कार्यालय, नगर निगम कार्यालय और खेरमाई मंदिर के पास लखेरा में आयोजित किए गए। प्रत्येक केंद्र पर योजनावार काउंटर और हेल्प डेस्क की व्यवस्था करते हुए नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविरों में पीएम स्वनिधि, संबल योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीयन, समग्र ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, नवीन नल कनेक्शन और जलकर, आईएचएसडीपी, भवन अनुज्ञा, फायर एनओसी, नामांतरण और कर निर्धारण, ट्रेड लाइसेंस,उच्च शिक्षा विभाग गांव की बेटी योजना, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई टी आई, जिला रोजगार कार्यालय सहित विभिन्न योजनाओं और नागरिक सेवाओं से संबंधित प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। निगम कार्यालय में आयोजित शिविर के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न शिविर स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने नागरिकों से संवाद करते हुए योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं की जानकारी ली और अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों के प्रकरणों का नियमानुसार तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसंवाद ग्राम पंचायत पहाड़ी में आयोजित जनसंवाद शिविर में सुनी गईं ग्रामीणों की समस्या, निराकरण के निर्देश

समाधान में समय का रखें ध्यान, ताकि ग्रामीणों को नहीं लगाना पड़े कार्यालयों के चक्कर

नवभारत, कटनी। सेवा सेतु अभियान और मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत पहाड़ी में जनसंवाद शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल और कलेक्टर आशीष तिवारी ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में ग्रामीण विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं और मांगों के आवेदन लेकर पहुंचे। किसी ने राजस्व संबंधी समस्या रखी, तो किसी ने पंचायत और ग्रामीण विकास, खाद्य, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य



और महिला बाल विकास से संबंधित प्रकरण प्रस्तुत किए। विधायक और कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों से प्रकरण की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में 64 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता के साथ परीक्षण करते हुए नियमानुसार प्रभावी निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के निराकरण में समय-सीमा और गुणवत्ता दोनों का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। विधायक संदीप जायसवाल और कलेक्टर आशीष तिवारी ने शिविर समाप्त होने के बाद भी ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उनकी कोई अन्य समस्या तो नहीं है। इस दौरान अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। शिविर में ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधि और प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिला। इससे ग्रामीणों में अपनी समस्याओं के समाधान को लेकर भरोसा और विश्वास का भाव नजर आया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, वन मण्डलाधिकारी गर्वित गंगवार, एसडीएम जितेन्द्र पटेल, तहसीलदार अतुलेश सिंह, पर्यावरणविद् निर्भय सिंह, समाजसेवी अखिल पांडेय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बाघ के हमले में गंभीर रूप से जख्मी हुआ चरवाहा

ग्रामीणों के शोर मचाने पर जंगल की ओर भागा बाघ

नवभारत, कटनी। बांधवगढ़ नेशनल पार्क से लगे बरही वन परिक्षेत्र की मचमचा बीट में शनिवार दोपहर बाघ ने 50 वर्षीय चरवाहे पर हमला कर दिया। हमले में मचमचा निवासी कोमल पिता रामकृपाल सिंह के गले और पीठ पर गहरे घाव हुए हैं। ग्रामीणों के शोर मचाने पर बाघ उन्हें छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। जानकारी के अनुसार कोमल सिंह शनिवार दोपहर करीब 3 बजे जंगल में मवेशी चराने गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे बाघ ने अचानक उन पर हमला कर दिया और गले व पीठ पर वार किया। कोमल सिंह की चीख-पुकार सुनकर पास मौजूद अन्य चरवाहे और ग्रामीण लाठी-



डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने एकजुट होकर शोर मचाया, जिसके बाद बाघ घायल को छोड़कर जंगल के भीतर भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही रेंजर के निर्देश पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल को बरही के सरकारी अस्पताल ले गई। गले और पीठ पर गहरे घाव होने और अत्यधिक खून बहने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें कटनी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वन विभाग ने पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है। घटना के बाद क्षेत्र में वनकर्मियों की गश्त भी बढ़ा दी गई है।

बरही वन परिक्षेत्र के रेंजर ने बताया कि मचमचा बीट बांधवगढ़ नेशनल पार्क की सीमा से सटी हुई है, जहां हिंसक वन्यजीवों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। उन्होंने ग्रामीणों से सुरक्षा बरतने और मवेशियों को जंगल के भीतर या संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों में नहीं ले जाने की अपील की है।